# परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

**A. Assistant, PB-2,9300-34800 (GP-4200) Level-6**

**Minimum Essential Qualification:**

A bachelor's degree from a recognized university

| क्रमांक | विषय | परीक्षा अवधि (घन्टे) | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|
| पाठ्यक्रम–1 | | | |
| 1. | विषय वस्तु | 2:00 | 100 |
| i | उत्तर प्रदेश वित्तीय नियम | | 20 |
| ii | कार्यालय प्रक्रिया संबंधी नियम | | 40 |
| iii | शासकीय पत्र लेखन | | 40 |
| पाठ्यक्रम–2 | | | |
| 2 | सामान्य अध्ययन/भाषा | 2:00 | 100 |
| i | सामान्य ज्ञान | | 40 |
| ii | सामान्य हिन्दी | | 40 |
| iii | सामान्य अग्रेजी | | 20 |

नोटः 1:1(iii) पर वर्णात्मक एवं 1:1(i, ii), 2:2(i,ii, iii) पर वस्तुनिष्ठ (बहुविकल्पीय) प्रकार के प्रश्न पूछे जायेगें।

## पाठ्यक्रम–1: विषय वस्तु

1. **विषय वस्तु (उत्तर प्रदेश वित्तीय नियम, कार्यालय प्रक्रिया संबंधी नियम एवं शासकीय पत्र लेखन)**

   उत्तर प्रदेश वित्तीय नियमः–

   (क) उत्तर प्रदेश वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग–2, खण्ड–2 से 4 जहॉ तक संबंध मूल नियम व सहायक नियमों से है तथा वेतन निर्धारण, अवकाश नियम सेवा सम्बंधी प्रकरण।

   (ख) वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग–5 खण्ड–1, लेखा नियमों की जानकारी हेतु–

   चैप्टर 4 व 5: वेतन व भत्तों संबंधी लेख नियम।

   चैप्टर 6: अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन देयकों का निर्माण।

   चैप्टर 7: अधिष्ठान संबंधी नियम।

   चैप्टर 8: आकस्मिक व्यय–विभिन्न अधिकारियों की जिम्मेदारियॉ तथा नियंत्रण अधिकरी का दायित्व।

चैप्टर 10:ऋण व अग्रिम संबंधी लेख नियम।
चैप्टर 13: निर्माण कार्य संबंधी लेखा नियम।
चैप्टर 18: सेवा संबंधी निधियॉ यथा कर्मचारी भविष्य निधि।
चैप्टर 19: शासकीय यात्राओं में भत्ता संबंधी नियमों की जानकारी।

<u>कार्यालय प्रक्रिया संबंधी नियमः—</u>

2. **सिविल सर्विस रेगुलेशन भाग 1, 4, 8 व 10 जैसा कि उ0प्र0 राज्य में लागू करने हेतु अंगीकृत किया गया।**

   भाग 4: सामान्य पेंशन नियम।

   - अर्ह सेवा की शर्तें।
   - सेवा अवधि आगणन के नियम।
   - पेंशन स्वीकृति करने की शर्तें।
   - देय पेंशन का निर्धारण।
   - एन0पी0एस0 (पेंशन) निर्धारण, नियम व शर्तें।

   भाग 8: सेवा अभिलेखों का रख—रखाव।
   भाग 10: पेंशन आवेदन का प्रक्रियात्मक ज्ञान।
3. सरकारी सेवा आचरण नियमावली/अवकाश नियमावली।
4. भण्डार क्रय नियम तथा उ0प्र0 संरकार के अनुपूरक नियम तथा भण्डार क्रय के संबंध में निर्गत विभागीय (निदेशक उघोग) के विभिन्न परिपत्र।
5. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमन्य विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों के विभिन्न वेतनक्रमों से वेतन निर्धारण, समयबद्ध प्रोन्नतियों, डाक्टरेट उपाधिधारी प्राध्यापकों को अग्रिम वेतन वृद्धियॉ स्वीकृत करना आदि के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्गत विभिन्न परिपत्रों में उल्लेखित नियमों का सम्यक ज्ञान।
6. कार्यालयीय प्रक्रिया संबंधी मैनुअल।
7. जॉच एवं अनुशासनिक कार्यावाही नियमावली।

   **मैनुअल ऑफ गर्वमेण्ट आर्डर्स को संदर्भ पुस्तिका के रूप में उपयोग किया जा सकता है।**

<u>शासकीय पत्र लेखनः—</u>

(i) अटारी द्वारा निर्गत परिपत्र के कतिपय अस्पष्ट बिन्दुओं को पूर्णतया स्पष्ट करने हेतु कार्यालय प्रक्रियानुसार शासन को पत्र प्रेषित किये जाने का प्रारूप।

(ii) अभ्यार्थियों से कहा जाय कि वह वरिष्ठता के कतिपय अस्पष्ट बिन्दुओं को स्पष्ट किये जाने हेतु कुलाधिपाति के विशेष कार्यधिकारी को एक पत्र प्रेषित करे। प्रेषित किये जाने वाले पत्र का प्रारूप।

(iii) अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र की तरफ से निदेशक प्रसार को एक पत्र प्रेषित किया जाय। प्रेषित किये जाने वाले पत्र का प्रारूप।

(iv) शासकीय अर्द्धशासकीय पत्र, कार्यालय आदेश, कार्यालय–ज्ञाप परिपत्र, विज्ञप्ति, निविदा, सूचना टिप्पणी।

## पाठ्यक्रम–2: सामान्य अध्ययन/भाषा

**(i)सामान्य ज्ञानः–**

सामान्य अध्ययन के प्रश्न पत्र में निम्नलिखित विषयों पर प्रश्न पूछे जायेगें:–

अ. सामान्य विज्ञान
ब. राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय महत्व की समसामयिक घटनायें
स. भारत का इतिहास
द. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन
य. भारतीय राज्य व्यवस्था तथा अर्थ व्यवस्था
र. विश्व भूगोल तथा जनसंख्या

- सामान्य विज्ञान के प्रश्न दैनिक अनुभव तथा प्रेक्षत्र से सम्बन्धित विषयों सहित विज्ञान के सामान्य प्रबोध एवं जानकारी पर होगें, जिसकी किसी भी सुनिश्चित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है, जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन नही किया हो।
- भारत के इतिहास के अन्तर्गत आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक पक्षों की व्यापक जानकारी पर ध्यान देना होगा।
- भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन पर अभ्यार्थियों से भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन की प्रकृति तथा विशेषता, राष्ट्रवाद का अभ्युदय तथा स्वतन्त्रता प्राप्ति के बारे में सामान्य ज्ञान अपेक्षित है।
- भारतीय राज्य व्यवस्था तथा अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत भारतीय राज्य व्यवस्था, भारतीय संविधान, पंचायती राज तथा सामुदायिक विकास भारत की अर्थव्यवस्था तथा नियोजन के व्यापक लक्षणों की जानकारी पर प्रश्न होगें।
- विश्व भूगोल तथा जनसंख्या में केवल विषयों की सामान्य जानकारी की परख होगी, जिसमें भारत के भूगोल में भौतिक/पारिस्थितिक, आर्थिक सामाजिक जनागकीय पक्षों पर विशेष बल दिया जायेगा।



4tu

- अभ्यर्थियों से उपरोक्त विषयों की सामान्य जानकारी(अभिज्ञा) विशेषतः उत्तर प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में अपेक्षित है।

**सामान्य बुद्धि परीक्षण** : इस भाग में पूछे जाने वाले प्रश्नों का उद्देश्य किसी नवीन परिस्थित को समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण कर पहचान करने एवं तर्क करनें की योग्यता का मापना है। इस भाग में ऐसे प्रश्न भी पूछे जायेंगे, जो अनुदेशों को समझने, संबंधो/समानताओं/संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने तथा बौद्धिक क्रियाओं से सम्बन्धित हो।

**सामान्य जानकारी** : इस भाग में अभ्यर्थियों से उसके चतुर्दिक वातावरण के संबंध में सामान्य जानकारी तथा समाज में उसकी उपयोगिता के संबंध, योग्यता मापने के लिए प्रश्न पूछे जायेगें। इस भाग में सम–सामयिक घटनाओं, प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों, विशेष रूप से भारत से सम्बन्धित ऐतिहासिक/भौगोलिक तथ्यों से संबंधी एवं वैज्ञानिक पहलुओं से संबंधी प्रश्न पूछे जायेगे।

**(ii)सामान्य हिन्दी :–**

उक्त भाग में अभ्यर्थियों से हिन्दी भाषा के ज्ञान समझ तथा लेखन योग्यता संबंधी प्रश्न निम्न पाठ्यक्रम के अनुसार पूछे जायेगे।

**अ.** हिन्दी भाषा/व्याकरण।
**ब.** समास, अलंकार, रस, संधि।
**स.** सामानार्थी, पर्यायवाची, विलोम, अनेकार्थी, एकार्थी, तत्सम शब्द/शब्दार्थ।
**द.** मुहावरे, लोकोक्तियॉ।
**य.** महत्वपूर्ण पुस्तके/रचनाएँ एवं लेखक/रचनाकारों के नाम।

## iii) General English

In this section, candidates will be asked questions affined to their knowledge understanding and writing ability of English language syllabus given as under.

a. English Language/Grammar.
b. Synonyms, Antonyms, Meanings, word Formation, Compound.
c. Idioms & Phrases, Unseen Passages.
d. Adverb, Verb, Adjectives, Articles, Missing Verbs.
e. Sentence Corrections, Fill in the Blanks, Phrase Replacement, Sentence Rearrangement.